**पाठ ३**

# चाँद वाली अम्मा

## पाठ का सारांश

कहानी मे बताया गया है कि बहुत समय पहले एक बूढी अम्मा अकेली रहती थी और अपने घर का सारा काम अकेले ही कर लेती थी। हर बार जब वह सुबह घर के आँगन में झाड़ू लगाने आती थी तो हमेशा आसमान उसकी कमर से टकरा जाता था। जब अम्मा उसे घूरती थी तो वह पीछे हट जाता था। इस प्रकार आसमान हमेशा अम्मा के साथ शरारत किया करता था। इसी बीच एक दिन जब अम्मा का किसी के साथ झगड़ा हो गया तो उस दिन वह बहुत गुस्से में थी। उस दिन जब आसमान अम्मा से शरारत करने लगा तो गुस्से मे होने के कारण अम्मा ने उस पर झाड़ू मार दी। तब उस शरारती आसमान ने झाड़ू को पकड लिया और अम्मा को ऊपर खींचने लगा। अम्मा अब जमीन से ऊपर थी और बहुत डर रही थी। तभी अम्मा को बगल मे चांद दिखाई दिया और अम्मा झाड़ू के साथ चांद पर बैठ गई। यह देखकर आसमान डर गया और भाग गया। अब अम्मा झाड़ू के साथ ही चाँद पर बैठी रह गई और तभी से अम्मा झाड़ू पकड़े चाँद पर बैठी हुई है।

### शब्दार्थ :-

**अम्मा** - माँ

**शरारत** – शैतानी

**परेशानी** - चिंता

**रोज़** – प्रतिदिन

**आसमान** – आकाश, नभ

**हरकत** – काम

**लगातार** – निरंतर,

**तंग** – परेशान

**पानी** - जल

**आदत** – लत, व्यसन

**मजबूर** - बार-बार एक ही काम दोहराना

**सहित** - साथ

**ताकत** – शक्ति, बल

**वार** – हमला, प्रहार

**रस्साकशी** - खींचातानी

**मदद** - सहायता

# प्रश्न - अभ्यास

## तुम्हारी कल्पना से

**प्रश्न 1. बूढ़ी अम्मा चाँद पर क्यों चढ़ गई होगीं?**

**उत्तर** – बूढ़ी अम्मा को आसमान ऊपर उड़ाये जा रहा था। अम्मा चाँद पर चढ़ गई होगी ताकि वह गिरने से बच जाए और आसमान से पीछा छूट जाए।

**प्रश्न 2. चाँद वाली अम्मा झाड़ू क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?**

**उत्तर** – चाँद वाली अम्मा झाड़ू इसलिए नहीं छोड़ना चाहती थी, क्योंकि उसके पास एक ही झाड़ू था|

**प्रश्न- 3. चित्रों को देखकर बताओ कि अम्मा के साथ कौन-कौन रहता था?**

**उत्तर –** अम्मा के साथ बिल्ली, बादल, तितली, आसमान, चिड़िया, झाड़ू रहते थे|

**प्रश्न 4. आसमान बार–बार आकर अम्मा की कमर से क्यों टकराता था? तुम्हें क्या लगता है?**

**उत्तर** – उस समय आसमान ऊपर नीचे हो सकता था। उसे अम्मा से छेड़खानी करना अच्छा लगता था इसलिए वह अम्मा की कमर से टकराता होगा। ताकि अम्मा उसे डाँटें और वह उन्हें तंग करे।

## रूठना-मनाना

**प्रश्न- जब बूढ़ी अम्मा उड़ी जा रही थी तो उन्हों ने आसमान को हर तरह से मनाने की कोशिश की | बताओ , उन्होंने क्या-क्या कहा होगा?**

बेटा! मैं नीचे गिरकर मर जाऊँगी मुझे छोड़ दो|

**घबराकर**

माफ कर दे

**गिदगिड़ाकर**

तु छोड़ता है या नहीं

-

**गुस्से से**

अब तंग करके बता

**तरकीब सूझने पर**

Free worksheets, Learning material, practice tests & more at www.onepointlearning.com

## घूरना

**प्रश्न- अम्मा उसे घूरकर देखती तो आसमान थोडा हट जाता|**
**कब-कब ऐसा होता है जब तुम्हें कोई घूरकर देखता है|**
**जैसे: मेरा दोस्त मुझे घूरकर देखता है जब मैं उसका मज़ाक उड़ाता हूँ|**

**मेरे पिता** ______________________

**मेरे शिक्षक** ______________________

**मेरी बहन/मेरा भाई** ______________________

**उत्तर-** मेरे पिता – मुझे घूरकर देखते हैं जब मैं शरारत करते हूँ|
मेरे शिक्षक – मुझे घूर कर देखते हैं जब मैं पढाई नहीं करता हूँ|
मेरी बहन/मेरा भाई – मेरी बहन घूर कर देखती है जब मैं बड़ों से झगड़ा करता हूँ|

## दम लगा कर हईशा

**प्रश्न- रस्साकशी के खेल में दो टोलियों के बीच में खूब खींचातानी होती है| कुछ और खेलों के नाम लिखो जिनमें दो टोलियाँ खेलती हों|**

**उत्तर-** खो-खो कबड्डी शतरंज क्रिकेट

## साफ़-सफ़ाई

**प्रश्न 1. घर की सफ़ाई करने के लिए किन-किन चीज़ों का इस्तेमाल होता है?**

**उत्तर-** झाड़ू, झाड़न, फिनाइल, पानी, बाल्टी इत्यादि।

**प्रश्न 2. किन-किन मौकों पर तुम्हारे घर का सारा सामान हटाकर खूब ज़ोर- शोर से सफ़ाई होती है?**

**उत्तर-** नवरात्री, दीपावली, विवाह, जन्मदिन और मेहमानों के आने पर घर का सारा सामान हटाकर खूब ज़ोर-शोर से सफाई होती हैं|

**प्रश्न 3. ये मौके ख़ास क्यों हैं?**

**उत्तर-** त्योहार, विवाह तथा जन्मदिन आदि ऐसे अवसर हैं, जो जब आते हैं घर प्रसन्नता और आनंद से भर जाता है। इसलिए ये मौके हमारे लिए खास होते हैं।

**प्रश्न 4. सफाई के काम से जुड़े हुए शब्द सोचो और लिखो | जैसे - झाड़ना|**

**उत्तर -** धोना पोंछना रगड़ना चमकाना

## काम कौन करता है?

**प्रश्न 1. बुढ़ी अम्मा अकेली रहती थी | उन्हें घर का सारा काम अकेले ही करना पड़ता होगा | उन कामों की सूची बनाओ जो उन्हें सुबह से शाम तक करने पड़ते होंगे | यह भी बताओ कि तुम्हारे घर में ये काम कौन – कौन करता है?**

| बूढ़ी अम्मा के काम | मेरे घर में कौन करता है |
|---|---|
| ____________<br>____________<br>____________<br>____________ | ____________<br>____________<br>____________<br>____________ |

**उत्तर –**

| बूढ़ी अम्मा के काम | मेरे घर में कौन करता है |
|---|---|
| पानी भरना<br>सफ़ाई करना<br>कपड़े धोना<br>खाना बनाना | माता-पिता दोनों<br>नौकरानी<br>बड़ी बहन<br>माता जी |

**प्रश्न 2. तुम कौन-से काम करते हो? अपने कामों के बारे में बताओ|**

| घर के काम | घर से बाहर के काम |
|---|---|
| ____________<br>____________<br>____________<br>____________ | ____________<br>____________<br>____________<br>____________ |

**उत्तर-**

| घर के काम | घर से बाहर के काम |
|---|---|
| जूते बर्तन उठाकर रखना<br>इधर-उधर पड़ी वस्तुओं को उनके निश्चित स्थान रखना<br>जूतों पर पॉलिश करना<br>मेहमानों को पानी देना | दूध लाना<br>ट्यूशन जाना<br>दुकान से सामान लाना<br>सब्जी वाले को बुलाना<br>पढ़ने जाना |

## कितने नाम, कितने काम?

**प्रश्न- इस कहानी में नाम वाले और काम वाले कई शब्द आए हैं| उन्हें छाँटकर नीचे तालिका में लिखो|**

| नाम वाले शब्द | काम वाले शब्द |
|---|---|
| ____________<br>____________<br>____________<br>____________ | ____________<br>____________<br>____________<br>____________ |

**उत्तर –**

| नाम वाले शब्द | काम वाले शब्द |
|---|---|
| आसमान<br>चाँद<br>पानी<br>झाड़ू | झाड़ू लगाना<br>खाना बनाना<br>पानी लाना<br>उठाना |

## तुम्हारी शरारत


**प्रश्न 1. अपनी किसी शरारत के बारे में लिखो|**

**अरे, आसमान की शरारत तो कुछ ही नहीं! मैंने तो एक बार............**

**उत्तर-** एक बार मैं मम्मी-पापा के साथ लाल किला देखने गई| मम्मी-पापा ने कहा- तुम यहाँ से बाहर मत जाना| मैंने सोचा बाहर पता नहीं क्या होगा जो यह मुझे मना कर रहे हैं पर मैं कहाँ मानने वाली थी| मैं बाहर जाकर दुकानें व उनमें रखे खिलौने देखने लगी और खिलौने इत्यादि देखते-देखते मैं रास्ता भूल गई| मैं एक कोने पर छुपकर खड़ी हो गई| मम्मी-पापा मुझे ढूँढते हुए मेरे सामने से आगे निकल गए| मुझे शरारत सूझी| मैं उनके पीछे चल दी| जब वे परेशान हो गए तो मैंने उन्हें एकदम से आवाज लगाई| मम्मी ने मुझे डाँटा और उठाकर गले से लगा लिया|

**प्रश्न 2. तुम्हे चाँद में क्या दिखाई देता है? बनाओ|**

**उत्तर-**



Free worksheets, Learning material, practice tests & more at www.onepointlearning.com